an>

Title: Need to confer ownership rights of land to the people residing in Banswara Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्री मानशंकर निनामा : महोदया, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदनपूर्वक कहना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र बांसवाड़ा-डूंगरपुर में वन और पहाड़ वाला इलाका है। ...(व्यवधान) स्थानीय लोग कई वर्षों से वहां रहते हैं और मुख्य रूप से खेती करके अपनी आजीविका चलाते हैं। लेकिन आज भी सभी निवासियों को जमीन के पट्टे, रहने एवं कृषि के पूर्ण अधिकार नहीं दिए गए हैं। इससे वहां के निवासियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वन विभाग के कर्मचारी और अधिकारी आये दिन इनका मानसिक एवं आर्थिक शोषण करते रहते हैं। आज भी वे केन्द्र और राज्य सरकार से निर्गत सभी योजनाओं से वंचित हो जाते हैं।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि उक्त विषय को गंभीरता से लेते हुए तुरंत उन्हें वनबन्धु योजना के अन्तर्गत वर्तमान में अधिकार क्षेत्र में जो भूमि है, उनके पट्टे, रहने एवं कृषि के पूर्ण अधिकार दिए जाएं। धन्यवाद ।

HON. SPEAKER: Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Manshankar Ninama.